226

मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी-अप्रैल, 1996 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 19 फरवरी, 1996 (माघ 30, 1917)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री सत्यनारायण शर्मा, राज्यमंत्री खनिज साधन, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मैंगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 1994-95 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) श्री अरूण बोरा, सदस्य, बस्तर जिले के कांकेर वन मण्डल में वनों की अवैध कटाई होने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री रामलखन शर्मा, सदस्य, रीवा जिले के डकैती ग्रस्त ग्रामों से पुलिस बल हटाये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. राज्यपाल के अभिभाषण पर श्री अम्बिका शुक्ल, सदस्य, द्वारा दिनांक 12 फरवरी, 1996 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा (क्रमशः) -

"राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया उसके लिये मध्यप्रदेश विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ है."

भोपाल :
दिनांक : 18 फरवरी, 1996

अशोक चतुर्वेदी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा